प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय
दिनांक–19.06.2023 (सं0–316)

अन्तर्राज्योय तथा अन्तर एजेन्सी पुलिस सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण
एन0आइ0ए0 काण्ड में वांछित अभियुक्त की बिहार ए0टी0एस0 के द्वारा गिरफ्तारी

एन0आइ0ए0 के द्वारा अनुसंधान किये जा रहे काण्ड सं0–RC-31/2022/NIA/DLI दिनांक 22.07.2022, धारा 120,120(बी),121,121ए,153ए,153बी,34 भा0द0वि0 तथा 13 यू0ए0पी0 एक्ट 1967 (फुलवारी, पटना थाना काण्ड सं0 827, दिनांक 12.07.2022) में वांछित अभियुक्त मुमताज अंसारी, पे0 मो0 अनवर हुसैन, सा0 ग्राम हरपुर नाग, थाना मेहसी, जिला पूर्वी चम्पारण को थाना पेरियापल्लम, जिला तिरिवल्लूर, राज्य तमिलनाडु से बिहार पुलिस के ATS के द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्त मुमताज अंसारी जो NIA का अभियुक्त था बिहार से भागकर तमिलनाडु राज्य के चेन्नई से 30 कि0मी0 दूर ग्राम कनीगयीपेयर, थाना पेरियापल्लम, जिला तिरिवल्लूर में एक पेन्नार नाम की कम्पनी में काम कर रहा था तथा छिपकर रह रहा था।

गिरफ्तार अभियुक्त नन मैट्रिक है इसका कोई आपराधिक इतिहास बिहार के किसी थाने में नहीं होने की सूचना है। इसके सम्बन्ध में अभी पता किया जा रहा है।

इस काण्ड में पूर्व में भी ATS बिहार, पटना के द्वारा दिनांक 17.03.2023 को इसी काण्ड के वांछित अभियुक्त इरशाद आलम, पे0 नइमुद्दीन अंसारी, सा0 ग्राम हरपुर नाग, थाना मेहसी, जिला पूर्वी चम्पारण को गिरफ्तार कर NIA को सौंपा गया था।

इस काण्ड में NIA के द्वारा पूर्व में 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

xxxxxxxxxx